1. 'दीर्घसूत्री' शब्द किस वाक्यांश के लिए सार्थक है ?

(1) जल्दी निर्णय लेने वाला

(2) हर एक काम में जरूरत से ज्यादा देर लगाने वाला

(3) बहुत सोच-विचार करने वाला

(4) बहुत परिश्रम करने वाला

2. 'मुक्ति पाने का इच्छुक' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द है

(1) मुमूर्षु

(2) तितिक्षा

(3) मुमुक्षु

(4) जिजीविषा

3. 'जिसको वश में करना कठिन हो' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द कौन सा है ?

(1) दुरूह

(2) दुर्दांत

(3) दुर्वह

(4) दुस्तर

4. किस विकल्प में वाक्यांश के लिए प्रयुक्त शब्द सार्थक नहीं है ?

(1) जो रोका हुआ न हो – अनिरुद्ध

(2) समय पर जिसकी बुद्धि ठीक कार्य करे – प्रत्युत्पन्नमति

(3) जिसकी विवेक बुद्धि स्थिर हो – स्थितप्रज्ञ

(4) जो आप से आप उत्पन्न हुआ हो – सहजात

5. निम्नलिखित शब्दों की शुद्धता पर विचार कीजिए :

अ. आद्योपांत

ब. पश्चात्ताप

स. सहधर्मणी

द. उच्छ्वास

किस विकल्प में उक्त में से सभी शब्द शुद्ध हैं ?

(1) अ और द

(2) स और द

(3) ब और स

(4) अ और ब

6. किस विकल्प में सभी शब्द शुद्ध हैं ?

(1) दुरावस्था, पुनरावलोकन

(2) तदुपरांत, प्रत्यावर्तन

(3) पर्यवसान, विपन्नवस्था

(4) अभ्यारण्य, निरवलंब

7. निम्नलिखित में शुद्ध शब्द है :

(1) मुटभेड़

(2) इकठ्ठा

(3) धनाड्य

(4) अट्टहास

8. कौन सा शब्द अशुद्ध है ?

(1) आद्रता

(2) पुनर्निर्माण

(3) भर्त्सना

(4) शृंखला

9. किस विकल्प में कोई भी शब्द शुद्ध नहीं है ?

(1) अतिथि, उर्जावान

(2) हितेषी, सर्वोपरि

(3) अध्यात्मिक, रात्री

(4) आनुषंगिक, पदौन्नति



Scanned by CamScanner

मरने - मुमूर्षु
मोक्ष - मुमुक्षा

10. निम्नलिखित में से किस वाक्य में 'से' परसर्ग अपादान कारक के लिए प्रयुक्त नहीं हुआ है ?
(1) लड़के ने हाथ से फल तोड़ा ।
(2) वह विद्यालय से आ रहा है ।
(3) आकाश से पानी बरसा ।
(4) नदियाँ पहाड़ों से निकलती हैं ।

11. किस विकल्प में सभी शब्द स्त्रीलिंग हैं ?
(1) भूख, नाच
(2) चालचलन, मिठास
(3) बात, खेत
(4) चमक, आहट

12. निम्नलिखित में अशुद्ध शब्द है :
(1) ज्योत्स्ना
(2) किंवदंती
(3) आल्हाद
(4) अंत्याक्षरी

13. कौन सा शब्द अशुद्ध है ?
(1) इतरेतर
(2) विवाहेतर
(3) बेहतर
(4) उत्तरोतर

14. किस वाक्य में संप्रदान कारक का परसर्ग (विभक्ति चिह्न) प्रयुक्त हुआ है ?
(1) न्यायालय ने अपराधी को दंडित किया ।
(2) मोहन ने सोहन को पीटा ।
(3) मालिक ने सेवक को धन दिया ।
(4) माँ ने बच्चे को बुलाया ।

15. किस वाक्य में मध्यम पुरुष का प्रयोग हुआ है ?
(1) आप भला तो जग भला ।
(2) यह कार्य मैं आप ही कर लूंगा ।
(3) ऐसे समय में आप साथ न दोगे तो और कौन देगा ?
(4) अपने से बड़ों का आदर करना चाहिए ।

16. अपूर्ण वर्तमान काल का उदाहरण है
(1) वह आता तो हम खेलने जाते ।
(2) रेलगाड़ी तेजी से आ रही है ।
(3) मैंने यह पुस्तक पढ़ी है ।
(4) प्रात:काल ठंडी हवा चलती है ।

17. कौन सा शब्द पुंलिंग है ?
(1) नदी
(2) मोती
(3) टोपी
(4) रोटी

18. निम्नलिखित में बहुवचन के लिए प्रयुक्त होने वाला शब्द कौन सा है ?
(1) पानी
(2) घी
(3) लोग
(4) प्रेम

19. एकवचन में प्रयुक्त होने वाला शब्द है
(1) भीड़
(2) प्राण
(3) दर्शन
(4) हस्ताक्षर


Scanned by CamScanner

20. 'कर्मवाच्य' से संबंधित वाक्य है

(1) आपका कार्य कर दिया है ।

(2) बच्चा सो चुका है ।

(3) सैनिक दिनरात सीमाओं की रक्षा करते हैं ।

(4) वह पुस्तक पढ़ रहा है ।

21. किस वाक्य में 'भाववाच्य' का प्रयोग हुआ है ?

(1) उससे पुस्तक नहीं पढ़ी गई ।

(2) बुढ़ापे में ठीक से चला नहीं जाता ।

(3) लड़के से कविता नहीं लिखी गई ।

(4) पुलिस से अपराधी नहीं पकड़े गए ।

22. 'वह चला होगा ।' यह वाक्य किस काल से संबंधित है ?

(1) संदिग्ध भूत

(2) संदिग्ध वर्तमान

(3) संभाव्य भविष्यत्

(4) सामान्य भूत

23. 'अगर वर्षा हुई तो वह नहीं आएगा ।' इस वाक्य में कौन सी 'वृत्ति' है ?

(1) इच्छार्थ

(2) संभावनार्थ

(3) निश्चयार्थ

(4) संकेतार्थ

24. 'छात्र पढ़ रहे हैं ।' यह वाक्य किस 'पक्ष' से संबंधित है ?

(1) पूर्णकालिक

(2) आवृत्तिमूलक

(3) सातत्यबोधक

(4) नित्यताबोधक

25. 'क्रियाविशेषण उपवाक्य' का उदाहरण है

(1) वह ईमानदार है, इसलिए सबका विश्वस्त है ।

(2) वह धनवान है, परंतु बहुत दुखी है ।

(3) यदि तुम चलते तो, मैं भी अवश्य चलता ।

(4) जो लोग साहसी होते हैं, वे सफल होते हैं ।

26. निम्नलिखित में 'संज्ञा उपवाक्य' कौन सा है ?

(1) साँझ होते ही पक्षी घोंसलों में लौट आते हैं ।

(2) जैसा तुमने कहा, उसने वैसा ही किया ।

(3) साधारण होते हुए भी वह बहुत व्यवहारकुशल है ।

(4) पड़ोसी ने कहा कि मुझे दवाई की जरूरत नहीं ।

27. 'बीमार व्यक्ति खाना धीरे-धीरे खाता है ।' इस वाक्य का 'उद्देश्य' है

(1) खाता है

(2) धीरे-धीरे

(3) खाना

(4) बीमार व्यक्ति

28. निम्नलिखित में 'सरल वाक्य' कौन सा है ?

(1) गंगा हिमालय से निकलती है ।

(2) उसने खाना खाया और सो गया ।

(3) जो गरजते हैं, वे बरसते नहीं ।

(4) उसके पास जो कुछ था, सब नष्ट हो गया ।

29. 'संयुक्त वाक्य' का उदाहरण है

(1) वह धन के अभिमान में अकड़कर चलता है ।

(2) मैं अस्वस्थ था, इसलिए मन लगाकर नहीं पढ़ सका ।

(3) बस छूट जाने के कारण मैं गाँव नहीं गया ।

(4) जहाँ खेत थे, वहाँ शहर बस गया ।



Scanned by CamScanner

30. कौन सा वाक्य शुद्ध है ?

(1) यह दवा रोग को समूल से नष्ट करती है ।

(2) संसद में कानून व्यवस्था पर बहस हुई ।

(3) उसे रस्सी बांधकर ले गए ।

(4) वह घर को जा रहा है ।

31. निम्नलिखित में शुद्ध वाक्य है :

(1) वह क्रोध में भरकर बोला ।

(2) वहाँ बहुत से लोग बेहाल दशा में पड़े थे ।

(3) मैंने यह घड़ी मात्र सौ रुपए में खरीदी ।

(4) दोनों भाई परस्पर आपस में लड़ पड़े ।

32. 'यदि परिश्रम किया होता, तो सफलता अवश्य मिलती ।' 'वाक्य प्रकार' की दृष्टि से उक्त वाक्य है –

(1) संकेतार्थक

(2) आज्ञार्थक

(3) विधानार्थक

(4) इच्छार्थक

33. निम्नलिखित में 'संदेहार्थक' वाक्य कौन सा है ?

(1) वह जहाँ रहे, सुख से रहे ।

(2) आज शाम को शायद वर्षा हो ।

(3) जो काम तुम्हें दिया गया है, उसे देखो ।

(4) वह नहीं आया इसलिए हम नहीं गए ।

34. निम्नलिखित में अशुद्ध वाक्य है :

(1) सप्रमाण उत्तर दीजिए ।

(2) किसी और से सलाह लीजिए ।

(3) शायद वह उत्तीर्ण हो जाए ।

(4) यह कैसे संभव हो सकता है ?

35. किस वाक्य में विराम चिह्नों का प्रयोग सही है ?

(1) जो, दंगा कर रहे थे गिरफ्तार, कर लिए गए ।

(2) रोको, मत जाने, दो ।

(3) नहीं मैं, यह नहीं कर सकता ।

(4) तुम कहाँ गए थे, कैसे आए और क्या चाहते हो ?

36. किस वाक्य में सही विराम चिह्न प्रयुक्त नहीं हुए हैं ?

(1) दिशाएँ चार होती हैं – पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण ।

(2) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' की 'जूही की कली' एक प्रसिद्ध रचना है ।

(3) छि: ! कैसी दुर्गंध आ रही है ?

(4) गाँधी जी ने कहा, "सत्य ही ईश्वर है ।"

37. कौन सा वाक्य अशुद्ध है ?

(1) आप और मैंने मिलकर उसकी सहायता की ।

(2) वे आत्मसम्मान की रक्षा करना चाहते हैं ।

(3) आप मुझपर भरोसा कर सकते हैं ।

(4) मैं, तुम, और वह खेलेंगे ।

38. निम्नलिखित में कौन सा वाक्य शुद्ध है ?

(1) वह सबके सामने खुलेआम गाली देता रहा ।

(2) यह मूर्ति संगमरमर पत्थर से निर्मित है ।

(3) प्राय: बच्चे ऐसी शरारतें अकसर करते हैं ।

(4) दरअसल वह आया ही नहीं ।

39. निम्नलिखित में अशुद्ध वाक्य है :

(1) उन्होंने मेरी बातें ध्यानपूर्वक सुनीं ।

(2) सर्वत्र मानकीकरण करना होना चाहिए ।

(3) वह प्रतिदिन मुझसे मिलने आता था ।

(4) हम सबकी स्थितियाँ एक जैसी हैं ।



Scanned by CamScanner

40. 'अब तक पिता की कमाई पर ऐश करते रहे, जब खुद कमाना पड़ेगा तो ..... ।'
उक्त वाक्य के रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए किस मुहावरे का प्रयोग उचित रहेगा ?
(1) हाथ धोकर पीछे पड़ जाना
(2) आटे-दाल का भाव पता चलना
(3) दाने-दाने को मोहताज होना
(4) हाथ पर हाथ रखकर बैठना

41. विराम चिह्नों के प्रयोग से संबंधित कौन सा विवरण सही नहीं है ?
(1) लिखने में जब कोई शब्द छूट जाता है, तब उसके स्थान पर कोष्ठक चिह्न का प्रयोग किया जाता है ।
(2) द्वंद्व समास के पदों के मध्य प्राय: योजक चिह्न लगाया जाता है ।
(3) किसी संज्ञा को संक्षेप में लिखने के लिए लाघव/संक्षेपक चिह्न का प्रयोग किया जाता है ।
(4) किसी के महत्त्वपूर्ण वचन उद्धृत करने के लिए अवतरण चिह्न का प्रयोग किया जाता है ।

42. 'सोने में सुगंध होना' मुहावरे का उपयुक्त भावार्थ है
(1) मनोवांछित सफलता अर्जित करना ।
(2) सोने की गुणवत्ता बढ़ जाना ।
(3) असंभव लगने वाले काम का सहजता से हो जाना ।
(4) किसी बहुत बढ़िया चीज में और अधिक विशेषता होना ।

43. 'अधिकार या अवसर पाकर मनमाना अंधेर करना', भावार्थ व्यक्त करने वाला मुहावरा है –
(1) चाम के दाम चलाना
(2) हाथ कंगन को आरसी क्या
(3) हवाई किले बनाना
(4) आँखों में धूल झोंकना

44. किस लोकोक्ति का भावार्थ सही नहीं है ?
(1) हाथी का बोझ हाथी ही उठाता है – बड़ा काम बड़े ही कर सकते हैं
(2) कौओं के कोसे ढोर नहीं मरते – बुरे आदमी की बद्दुआ से कुछ नहीं होता
(3) ओस चाटे प्यास नहीं बुझती – कृपण व्यक्ति सबकुछ होते हुए भी भूखा ही रहता है
(4) गुड़ खाए, गुलगुलों से परहेज – बनावटी परहेज

45. किस विकल्प में मुहावरे का भावार्थ सही नहीं है ?
(1) कान पर जूँ न रेंगना – तनिक भी असर न पड़ना
(2) उड़ती चिड़िया पहचानना – अत्यंत कठिन कार्य करना
(3) अपना-सा मुँह लेकर रह जाना – लज्जित होकर रह जाना
(4) छाती पर साँप लोटना – घोर ईर्ष्या होना

46. 'न रहेगा बाँस, न बजेगी बाँसुरी' लोकोक्ति का भावार्थ है
(1) विपक्षी से बढ़कर कौशल दिखाना
(2) समस्या को जड़ से मिटाना
(3) आश्रयदाता पर ही रोब जमाना
(4) किसी को उसी की चाल से हराना

47. 'घर के योग्य व्यक्ति की उपेक्षा कर अन्य को सम्मान देना' भावार्थ से संबंधित लोकोक्ति है
(1) घर की मुर्गी दाल बराबर
(2) बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद
(3) घर का जोगी जोगणा, आन गाँव का सिद्ध
(4) धोबी का कुत्ता, घर का न घाट का



Scanned by CamScanner

48. किस विकल्प में हिन्दी पारिभाषिक रूप सही है ?

(1) Moral obligation = नैतिक समर्थन

(2) Vigilance = सतर्क

(3) Sub judice = न्यायाधीन

(4) Minutes = कार्य योजना

49. 'Supersede' का हिंदी पारिभाषिक है

(1) अधिक्रमण करना

(2) अधिगमन करना

(3) अधिग्रहण करना

(4) अतिक्रमण करना

50. 'बुरी संगत का फल बुरा ही होता है' – इस आशय के लिए उपयुक्त लोकोक्ति है

(1) खून सिर चढ़कर बोलता है

(2) चोर चोरी से जाए हेराफेरी से न जाए

(3) कोयले की दलाली में हाथ काले

(4) चोर की दाढ़ी में तिनका

51. 'Cognizable offence' का सही पारिभाषिक है –

(1) जघन्य अपराध

(2) अक्षम्य अपराध

(3) क्षमायोग्य अपराध

(4) संज्ञेय अपराध

52. किस विकल्प में हिन्दी पारिभाषिक रूप सही नहीं है ?

(1) Attachment = कुर्की

(2) Bad conduct = दुर्व्यवहार

(3) Punitive = दंडात्मक

(4) Good faith = सद्भाव

53. 'Temperamental' का सही पारिभाषिक है

(1) खुशमिज़ाज

(2) भुलक्कड़

(3) तुनकमिज़ाज

(4) स्थितप्रज्ञ

54. 'Record' का सही पारिभाषिक नहीं है

(1) सूचित करना

(2) दर्ज करना

(3) कीर्तिमान

(4) अभिलेख

55. निम्नलिखित में 'Return' का हिंदी पारिभाषिक नहीं है :

(1) विवरणी

(2) प्रतिफल

(3) निर्वाचित करना

(4) पुनरीक्षण

56. निम्नलिखित में असंगत हिन्दी पारिभाषिक है :

(1) Deponent = अभिसाक्षी

(2) Personnel = कार्मिक

(3) Wilful = जानबूझकर

(4) Perjury = शपथपूर्वक

57. कौन सा शब्द 'Award' का हिंदी समकक्ष नहीं है ?

(1) पुरस्कार

(2) ग्रहण करना

(3) अधिनिर्णय

(4) पंचाट



Scanned by CamScanner

58. संधि विच्छेद की दृष्टि से कौन सा विकल्प सही नहीं है ?
(1) विवादास्पद = विवाद + अस्पद
(2) अन्वीक्षण = अनु + ईक्षण
(3) ऊहापोह = ऊह + अपोह
(4) मतैक्य = मत + ऐक्य

59. निम्नलिखित में गलत संधि विच्छेद है :
(1) प्रतिष्ठा = प्रति + स्था
(2) जगदीश = जगत + ईश
(3) पद्धति = पद् + हति
(4) निषेध = नि + सेध

60. किस शब्द का संधि विच्छेद सही है ?
(1) चिदाभास = चित् + आभास
(2) स्वल्प = स्व + अल्प
(3) पित्राज्ञा = पित्र + आज्ञा
(4) सदाचार = सदा + आचार

61. किस शब्द की संधि सही है ?
(1) मातृ + इच्छा = मातृच्छा
(2) मही + इंद्र = महींद्र
(3) उपरि + उक्त = उपरोक्त
(4) गुरु + उपदेश = गुरुपदेश

62. किस शब्द की संधि सही नहीं है ?
(1) स्व + छंद = स्वच्छंद
(2) तृष् + ना = तृष्णा
(3) षट् + वदन = षडवदन
(4) सत् + मति = सन्मति

63. 'अभीष्ट' का सही संधि विच्छेद है :
(1) अभी + ईष्ट
(2) अभी + इष्ट
(3) अभि + ईष्ट
(4) अभि + इष्ट

64. 'चंद्रमौलि' शब्द में कौन सा समास है ?
(1) बहुव्रीहि
(2) द्वंद्व
(3) अव्ययीभाव
(4) तत्पुरुष

65. एकाधिक उपसर्गों से निर्मित शब्द है :
(1) अधिनायक
(2) परियोजना
(3) आलोचना
(4) व्यवहार

66. निम्नलिखित में कौन सा शब्द उपसर्ग रहित है ?
(1) आपदा
(2) आस्तिक
(3) आहत
(4) आस्था

67. 'यावज्जीवन' सामासिक पद में कौन सा समास है ?
(1) द्वंद्व
(2) कर्मधारय
(3) अव्ययीभाव
(4) तत्पुरुष

68. किस विकल्प के सभी शब्द संप्रदान तत्पुरुष समास के उदाहरण हैं ?
(1) पदच्युत, रोकड़बही
(2) राहखर्च, देश निकाला
(3) गुरुभाई, आशातीत
(4) रसोईघर, देशभक्ति

69. किस शब्द में द्वंद्व समास नहीं है ?
(1) लेनदेन
(2) भलामानस
(3) तैंतालीस
(4) बोलचाल



Scanned by CamScanner

70. 'ईय' प्रत्यय से रहित शब्द है
(1) भारतीय
(2) माननीय
(3) भवदीय
(4) राष्ट्रीय

71. किस शब्द में 'दान' प्रत्यय प्रयुक्त नहीं हुआ है ?
(1) कलमदान
(2) खानदान
(3) रक्तदान
(4) इत्रदान

72. किस शब्द में 'प्र' उपसर्ग प्रयुक्त नहीं हुआ है ?
(1) प्रख्यात
(2) प्रज्वलित
(3) प्रत्यूष
(4) प्रकृति

73. किस शब्द में उपसर्ग और प्रत्यय दोनों प्रयुक्त हुए हैं ?
(1) आधिपत्य
(2) आर्थिक
(3) कुसुमित
(4) विद्वता

74. किस शब्द में दो प्रत्ययों का प्रयोग हुआ है ?
(1) मित्रता
(2) सुन्दरता
(3) विवशता
(4) मानवता

75. कौन सा शब्द तद्भव नहीं है ?
(1) कंगन
(2) घर
(3) कुक्कुर
(4) भंडार

76. निम्नलिखित में देशज शब्द है :
(1) चमगादड़
(2) मखौल
(3) लंगोट
(4) नुक्कड़

77. किस विकल्प में सभी शब्द विदेशी मूल के हैं ?
(1) लालच, कमरा
(2) कबूतर, आसरा
(3) आज, चेहरा
(4) मसाला, नमक

78. निम्नलिखित में तत्सम शब्द है :
(1) कुटुंब
(2) पड़ोसी
(3) महीना
(4) संजोग

79. किस विकल्प में सभी शब्द तत्सम हैं ?
(1) मस्तक, श्वास
(2) आधा, काम
(3) सच, ग्राम
(4) छिद्र, सौ

80. निम्नलिखित में तद्भव शब्द है :
(1) वानर
(2) मनुष्य
(3) मुख्य
(4) माँ



Scanned by CamScanner

81. किस वाक्य में पुरुषवाचक सर्वनाम नहीं है ?
(1) हम स्कूल जा रहे हैं ।
(2) उसमें धैर्य की कमी है ।
(3) आप यहाँ बैठिए ।
(4) सामान कौन लाएगा ?

82. विशेषण की उत्तमावस्था का प्रयोग किस वाक्य में किया गया है ?
(1) मोहन की अपेक्षा सोहन होशियार है ।
(2) उसे सर्वाधिक अंक प्राप्त हुए ।
(3) मेरा घर उसके घर से छोटा है ।
(4) यह बहुत सुंदर चित्र है ।

83. सर्वनाम से निर्मित भाववाचक संज्ञा कौन सी है ?
(1) औचित्य
(2) अहंकार
(3) ईर्ष्या
(4) कायरता

84. किस वाक्य में व्यक्तिवाचक संज्ञा, जातिवाचक संज्ञा के रूप में प्रयुक्त हुई है ?
(1) देश को नटवरलालों ने तरह-तरह से ठगा है ।
(2) लौह पुरुष के दृढ़ संकल्प ने देश को एक सूत्र में बाँधा ।
(3) भाषा की भिन्नताओं के बावजूद देशवासी अभिन्न हैं ।
(4) हमें बुराइयों से दूर रहना चाहिए ।

85. अनिश्चयवाचक सर्वनाम से युक्त वाक्य है :
(1) जो पढ़ेगा सो पास हो जाएगा ।
(2) कौन जा रहा है ?
(3) वह कुछ खा रहा है ।
(4) यह मेरी पुस्तक है ।

86. क्रियाविशेषण रहित वाक्य है
(1) वह प्राय: यहाँ आया करते थे ।
(2) नौकर मालिक से खुश रहता है ।
(3) मेरी बात ध्यान से सुनो ।
(4) वह अचानक चला गया ।

87. संबंधसूचक अव्यय का प्रयोग किस वाक्य में नहीं हुआ है ?
(1) यह काम पहले करना चाहिए था ।
(2) माँ के बिना घर सूना-सूना लगता है ।
(3) हमारे शहर के आसपास बहुत हरियाली है ।
(4) वह मेरे घर के पीछे रहता है ।

88. किस वाक्य में सार्वनामिक विशेषण प्रयुक्त हुआ है ?
(1) वह पुस्तक पढ़ रहा है ।
(2) कोई आदमी आया था ।
(3) आप तो महान हैं ।
(4) वे कल जा रहे हैं ।

89. प्रेरणार्थक क्रिया का प्रयोग किस वाक्य में किया गया है ?
(1) उसने मेरे लिए सामान खरीदा ।
(2) हमें सदैव सत्य बोलना चाहिए ।
(3) अध्यापक छात्र से कहानी लिखवाता है ।
(4) तुम्हें देर तक नहीं सोना चाहिए ।

90. किस वाक्य में क्रिया सकर्मक रूप में प्रयुक्त हुई है ?
(1) शोरगुल से बच्चा जाग गया ।
(2) वह बहुत समय से सो रहा है ।
(3) चीता तेज़ दौड़ता है ।
(4) माँ बच्चे को सुलाती है ।



Scanned by CamScanner

पदमासन पदमासन सिंहासन सिंहासन

91. किस विकल्प में सभी शब्द 'घर' के पर्यायवाची हैं ?
(1) गृह, भुवन
(2) आलय, निकुंज
(3) सदन, साकेत
(4) निकेत, निलय

92. किस विकल्प में परस्पर पर्यायवाची शब्द नहीं है ?
(1) भास्कर, निशाकर
(2) चंद्रमा, शशांक
(3) चपला, बिजली
(4) समुद्र, उदधि

93. विस्मयबोधक अव्ययों के संबंध में कौन सा तथ्य सही नहीं है ?
(1) ये वाक्य से स्वतंत्र होते हैं।
(2) एक ही विस्मयबोधक शब्द से सभी मनोभावों को सूचित किया जा सकता है।
(3) इनके आगे विस्मयबोधक चिह्न लगाया जाता है।
(4) ये वक्ता के हर्ष, शोक आदि मनोभावों को व्यक्त करते हैं।

94. किस वाक्य में निपात का प्रयोग नहीं हुआ है ?
(1) मैं घर जा रहा हूँ ताकि आराम कर सकूँ।
(2) मैं भी आपके साथ चलूंगा।
(3) वह तो घर पर नहीं है।
(4) शहर भर में यह बात फैल गई।

95. निम्नलिखित में 'पवन' का पर्यायवाची नहीं है :
(1) समीर
(2) अनिल
(3) मारुति
(4) वात

96. किन समश्रुत भिन्नार्थक शब्दों का अर्थ भेद सुसंगत नहीं है ?
(1) गौड़ - गौण = ब्राह्मणों की एक जाति - जो प्रधान न हो
(2) पृष्ट - पृष्ठ = पूछा हुआ - पीठ
(3) पट - पटु = वस्त्र - निपुण
(4) आसन - आसन्न = समीपस्थ - बैठने की विधि

97. किस विकल्प में समश्रुत भिन्नार्थक शब्दों का अर्थ भेद सुसंगत है ?
(1) परुष-पुरुष = कठोर-नर
(2) सुधि-सुधी = विद्वान-चेतना
(3) निश्चल-निश्छल = सीधा-स्थिर
(4) कोर-कौर = ग्रास-किनारा

98. 'भ्रांत' का विलोम शब्द है –
(1) उद्भ्रांत
(2) संभ्रांत
(3) निर्भ्रांत
(4) विभ्रांत

99. किस विकल्प में परस्पर विलोम शब्द नहीं हैं ?
(1) वैमनस्य - सौमनस्य
(2) श्रांत - क्लांत
(3) मसृण - रूक्ष
(4) निषिद्ध - विहित

100. 'इति-ईति' का सही अर्थ भेद है
(1) समाप्ति - दुःख
(2) प्रारंभ - विश्वास
(3) पीड़ा - समापन
(4) पूर्णता - इच्छा




Scanned by CamScanner